>

Title: Need to provide CGHS facility to the teachers and other staff of Kendriya Vidyalayas of the country.

श्री तूफानी सरोज (मछलीशहर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार का ध्यान भारत के विभिन्न हिस्सों में केंद्रीय विश्वविद्यालयों में तैनात शिक्षकों की ज्वलंत समस्या की ओर आकृÂष्ट करना चाहता हूं। केंद्रीय विद्यालय की स्थापना और उसका संचालन भारत सरकार द्वारा किया जाता है। केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक तथा दूसरे कर्मी भारत सरकार के ही कर्मचारी हैं, लेकिन सरकार केंद्रीय विद्यालय के शिक्षकों तथा दूसरे कर्मियों के साथ खुलेआम भेदभाव कर रही है। जहां अन्य केंद्रीय कर्मचारियों को सरकार ने केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के तहत इलाज की सुविधा उपलब्ध करा रखी है, वहीं शहरों के साथ-साथ देश के सुदूरवर्ती हिस्सों में तैनात केंद्रीय विद्यालयों के शिक्षकों और दूसरे कर्मियों को इस सुविधा से वंचित रखा गया है, जबकि वे भी केंद्र सरकार के ही कर्मचारी हैं। बीमार पड़ने की स्थिति में इन शिक्षकों तथा इनके परिवार के सदस्यों को प्राइवेट इलाज कराने के अलावा कोई चारा नहीं रहता है। स्थिति तब और भी जटिल हो जाती है जब केंद्रीय विद्यालयों के कर्मी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो जाते हैं।

इस स्थिति को देखते हुए मैं सरकार से मांग करता हूं कि वह अन्य केंद्रीय कर्मचारियों की तरह ही केंद्रीय विद्यालय के शिक्षकों तथा दूसरे कर्मियों को भी सीजीएचएस की सुविधा मुहैया कराने हेतु उचित कदम उठाए।